हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 26 फरवरी, 2020/7 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 24

रेल लाइन

***2286 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में प्रदेश के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कोई नई रेल लाइन स्वीकृत हुई है; और

(ख) ऊना से हमीरपुर रेल लाइन के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार ने प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा है; यदि हां, तो इस पर प्रदेश सरकार ने क्या निर्णय लिया है तथा इस पर सरकार को कितनी राशि वहन करनी होगी ?

Clearing of Snow

***2287 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what expenditure has been incurred by the MC Shimla, National Highway Authority and the various Divisions of the PWD for clearing of snow in this Winter season; details of each be provided separately;

(b) what has been the average snow clearance by each machine on the National Highways and each Division of the PWD in snow bound Divisions of

Shimla, Kullu, Kinnaur, Lahul & Spiti, Mandi, Sirmour and Chamba districts; and

(c) list of contractors who were engaged for clearing the snow and the rate contract along with comparison with the previous year be provided?

पशु चिकित्सकों की रिक्तियां

***2288 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पशु चिकित्सक के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने खाली पड़े हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार इस क्षेत्र में नए पशु औषधालय खोलने का विचार रखती है?

रिवालसर बस अड्डा

***2289 श्री इन्द्र सिंह(बल्ह) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रिवालसर बस अड्डे के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार सुन्दरनगर से बटाला हेतु बस सेवा प्रारम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक यदि नही तो कारण?

आत्मा परियोजना

***2290 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आत्मा परियोजना कब आरम्भ की गई; गत 3 वर्षों में दिनांक 31-01-2020 तक इस परियोजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा मद, वर्ष व जिलावार दें?

Bhootnath Bridge

***2291 Sh. Sunder Singh Thakur(Kullu) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Bhootnath Bridge in Kullu town has been closed for vehicular traffic, if so, reasons thereof and by when the bridge will be opened for vehicular traffic;

(b) whether acquisition has been done on Neoli-Tharman and Kullu-Shangribagh-Bijli Mahadev Roads;

(c) if yes, what are the plan of the PWD regarding widening and removing of bottle necks of these roads; and

(d) when will these roads be opened for plying HRTC buses?

भवन निर्माण

***2292 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं और महाविद्यालय हैं जिनके पास सरकारी भवन हैं और कितने ऐसे हैं जिनकी शिक्षा विभाग के नाम भूमि नहीं है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन चम्बा

***2293 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन चम्बा मंडल में कितने वर्क ऑर्डर / टैंडर के कार्य किए गए; इनकी टैंडर प्रक्रिया क्या रही; कितने कार्य स्वीकृत हुए और कितनों का काम प्रगति पर है;

(ख) क्या इन टैंडरों की सूचना अखबारों में दी गई; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) किन-किन ठेकदारों को यह वर्क आर्डर/टैंडर दिए गए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(घ) ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का EPF जमा करवाया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

स्टेडियम निर्माण

***2294 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग में स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, यदि नहीं, तो कारण?

आबंटित धनराशि

***2295 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्ष 2017-18 में विधायक निधि से महिला कृषक समूह टीका बाग बड़ी, ग्राम पंचायत भंगवार को धनराशि आबंटित की गई थी; यदि हां, तो यह धनराशि सम्बन्धित महिला कृषक समूह को प्रदान न करने के क्या कारण हैं; इसके लिए कौन जिम्मेवार तथा दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई?

बस अड्डा निर्माण

***2296 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ में नए बस अड्डे के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

ट्रैफिक जाम

***2297 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बग्गी से चैलचौक सड़क और चैलचौक से पंडोह सड़क पर लगातार जाम लग रहा है; यदि हां, तो इस जाम से निजात दिलाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***2298 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; वर्गवार, मण्डलवार व उप-मण्डलवार ब्यौरा दें; और

(ख) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जड़ोल

***2299 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जड़ोल दो स्थानों पर चल रही है; यदि हां, तो क्या सरकार इसे एक स्थान पर चलाने का विचार रखती है?

Crop Insurance Scheme

***2300 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 31st January, 2020, how many farmers applied for Weather Based Crop Insurance Scheme in the State, district and crop-wise details be given;

(b) what is the total premium collected from the farmers and what is the State and Central Government share; and

(c) which company is responsible for insurance of crops and how much amount of claims was reimbursed to the farmers?

हवाई पट्टी निर्माण

***2301 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय हवाई पट्टी निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समझौता ज्ञापन (MOU) हस्ताक्षरित किया गया है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) हवाई पट्टी के लिए जगह का चयन हो चुका है; कितनी भूमि किस स्थान पर चयनित हुई है और क्या इस भूमि को तकनीकी दृष्टि से सही पाया गया है; भूमि को समतल करने पर कितना व्यय अनुमानित है; और

(ग) इस हवाई अड्डे के निर्माण पर केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा किस अनुपात में कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जाएगी; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***2302 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ऐसे शिक्षण संस्थान हैं जिनके सरकारी भवन हैं परन्तु वह निजी भवनों में चल रहे हैं; कितने भवन असुरक्षित हैं तथा इनके निर्माण / मरम्मत हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

संपर्क मार्ग

***2303 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31-01-2020 तक जिला किन्नौर में किन-किन सम्पर्क मार्गों की कितने किलोमीटर Re-Surfacing की गई और इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई?

रज्जु मार्ग

***2304 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने बिजली महादेव में रज्जु मार्ग का निर्माण कार्य किस कम्पनी को दिया है तथा कार्य कब शुरू किया जाना था; देरी के लिए सम्बन्धीत कम्पनी पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार बरसैणी से खीरगंगा तक रज्जु मार्ग बनाने का विचार रखती है; यदि हां तो कब तक?

स्टोर में अनियमितता

***2305 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक लोक निर्माण विभाग मंडल डलहौजी व उप-मंडल सिहुंता के स्टोर में विभिन्न प्रकार की सामग्री की खरीद व वितरण में कितनी व किस तरह की अनियमितताएं हुईं तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गईं हैं, ब्यौरा दें?

मिनी सचिवालय

***2306 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग में मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है; यदि नहीं, तो कारण?

जिला स्तरीय होली मेला

***2307 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पपरोला होली मेले को जिला स्तरीय कर दिया गया है; यदि हां, तो अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

नाचन उप-अग्निशमन केन्द्र

***2308 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उप-अग्निशमन केंन्द्र हेतु कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा पदवार दें?

बी0एस0एल0 प्रोजैक्ट

***2309 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बी0बी0एम0बी0 के बी0एस0एल0 प्रोजैक्ट को कितना लाभ हुआ और CSR में कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 10 **फरवरी,** 2020 . **सचिव।**